1650 ने कराई निःशुल्क जांच

पिंजौर में जल्द ही एक मोबाइल कैंसर शिविर लगाया जाएगा

आज समाज नेटवर्क

निःशुल्क कैंप में लोगों से बातचीत करती बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा शक्ति रानी शर्मा।

पिंजौर। बाल कल्याण परिषद हरियाणा की उपाध्यक्षा शक्ति रानी शर्मा के मार्गदर्शन में अंबाला हेल्थ केयर एंड वेलफेयर सोसाइटी की ओर से व्हाइट हाउस में चलाए जा रहे दो दिवसीय निःशुल्क हृदय, दिमाग एवं बच्चों की जांच व परामर्श कैंप में 1650 विभिन्न रोगियों की जांच की गई व मुफ्त दवाइयां दी गई। शनिवार से चल रहे शिविर का रविवार को समापन हो गया। डॉ. एचएस सुखिजा, केके भटनागर ,मधु रानी ,वीणा व आनन्द स्वरूप ने इस कैंप में आधुनिक सुविधाओं को यादगार बताया। उन्होंने ऐसे कैंप बार-बार लगाने के लिए सोसाइटी पदाधिकारिओं से आग्रह किया। सोसाइटी की चेयर पर्सन शक्ति रानी शर्मा ने बताया कि सोसाइटी की ओर से हर माह अविकसित क्षेत्रों में हेल्थ कैंप लगाए जाते हैं। अब तक 21000 लोगों का इन कैंपों में इलाज किया जा चुका है व मुफ्त दवाइयां बांटी जा चुकी हैं। आंखों के कैंप लगाकर 800 लोगों के मोतिया बिंद के मुफ्त ऑपरेशन प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डा. पीसी शर्मा के पास करवाए गए हैं। पं. केदार नाथ शर्मा की स्मृति में लगाए गए रक्तदान शिविर में 510 यूनिट ब्लड दिया गया। शर्मा ने बताया कि यहां के लोगों की मांग पर पिंजौर में जल्द ही एक मोबाइल कैंसर शिविर लगाया जाएगा,जिसमें मोबाइल वैन डॉक्टरों व लैब सहित गांव गांव जाकर रोगियों की जांच करेंगी।